पर्यावरण को हराभरा रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी : पारीक
2



(अकलतरा) प्रवेश प्रारंभ (अकलतरा)
प्रतिमाह मात्र 999/-में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: पोड़ीभांठा रोड (रेल्वे स्टेशन के पास) अकलतरा
मो. 9203914563, 9203914561, 9425556340

## सुशासन तिहार: मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने बरगद के नीचे लगाई चौपाल

# ठठारी में सहकारी बैंक खोलने व आरती घाट निर्माण की घोषणा, नपं बनाने होगी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जैजैपुर



चौपाल लगाकर ग्रामीणों को संबोधित करते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय।

सुशासन तिहार के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हेलीकाप्टर सक्ती जिले के जैजैपुर ब्लाक अंतर्गत ठठारी गांव में लैण्ड किया। यहां के ऐतिहासिक विष्णु मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद मुख्यमंत्री ने बरगद पेड के नीचे चौपाल लगाई। इस दौरान ग्रामीणों की मांग पर ठठारी में सहकारी बैंक की शाखा खोलने और विष्णु मंदिर के पास आरती घाट निर्माण की घोषणा की। इसके साथ ही ठठारी को नगर पंचायत बनाने की दिशा में शीघ्र पहल करने की बात कही।

शनिवार 6 जून को ग्राम ठठारी पहुंचे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने चतुर्भुज तालाब पार स्थित विशाल बरगद के पेड़ की छांव में जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया। खुले वातावरण में आयोजित इस चौपाल में मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं, सुझाव प्राप्त किए तथा शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति का प्रत्यक्ष फीडबैक लिया। जनचौपाल को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य केवल योजनाओं की समीक्षा करना नहीं, बल्कि यह जानना भी है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तव में अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है या नहीं। उन्होंने ग्रामीणों से महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली, पानी तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में शीघ्र ही अत्याधुनिक सीएम हेल्पलाइन शुरू की जाएगी, जिसके माध्यम से नागरिक टोल फ्री नंबर, ईमेल और व्हाट्सएप के जरिए अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे। शिकायतों के समयबद्ध निराकरण की व्यवस्था होगी तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के समक्ष गांव की आवश्यकताओं, विकास कार्यों तथा विभिन्न योजनाओं से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों और सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने चतुर्भुज विष्णु मंदिर के निकट श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आरती घाट निर्माण की घोषणा की। ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए ठठारी में बैंक शाखा खोलने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने ठठारी को नगर पंचायत बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने हेतु कलेक्टर को निर्देशित करते हुए कहा कि आने वाले समय में ठठारी को नगर पंचायत का दर्जा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य भी स्वीकृत करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन का वास्तविक अर्थ शासन और जनता के बीच विश्वास, संवाद और सहभागिता को मजबूत करना है। जब जनप्रतिनिधि और अधिकारी सीधे लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनते हैं, तभी योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित होता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित, संवेदनशील और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कीर्तन चंद्र, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल, पूर्व विधायक केशव चंद्रा, पूर्व विधायक खिलावन साहू, श्रीमती संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव रजत बंसल, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे

### विष्णु ने की चतुर्भुज विष्णु भगवान की पूजा अर्चना

ठठारी पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने यहां के ऐतिहासिकमंदिर में भगवान विष्णु की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना करते हुए छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए आशीर्वाद मांगा। यह प्राचीन मंदिर क्षेत्र की आस्था, संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है। स्थानीय जनश्रुतियों के अनुसार यहां स्थापित भगवान विष्णु की प्रतिमा चौथी शताब्दी की मानी जाती है, जो इस स्थल की ऐतिहासिक महत्ता को और अधिक विशेष बनाती है।

## करही गोलीकांड, मुख्य आरोपी का हो सकता है नार्को टेस्ट

### विधि विशेषज्ञों की सलाह ले रही पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले के चर्चित करही गोलीकांड में गिरफ्तार किए गए मुख्य साजिशकर्ता की नार्को टेस्ट कराने पुलिस विधि विशेषज्ञों से रायशुमारी कर रही है। दरअसल मृतक के पिता और परिजन ने पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों को मोहरा बताते हुए पर्दे के पीछे बडे लोगों का हाथ होने का आरोप लगाया है। इसको लेकर उनके द्वारा नार्को टेस्ट कराने की मांग की गई है।

गौरतलब है कि बीते 23-24 अप्रैल की दरमियानी रात बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम करही में कांग्रेस नेता एवं कारोबारी सम्मेलाल कश्यप के बेटे आयुष की घर घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसके छोटे भाई को भी गोली मारकर घायल किया गया था। इस मामले में पुलिस ने पहले तीन आरोपी भूषण बघेल, अमित टंडन और हेमंत बघेल को गिरफ्तार किया, जिन्होंने घटना दिनांक को इस वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। इसके सप्ताह भर बाद पुलिस ने करही गांव के ही गनपत चौहान को गिरफ्तार किया, जिसे इस पूरे मामले का मुख्य साजिशकर्ता बताया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त देशी पिस्टल और कारतूस भी बरामद किया। इस मामले में अभी कुछ आरोपी फरार भी बताए जा रहे है। दूसरी ओर मृतक के पिता और परिजन पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों को सिर्फ मोहरा बता रहे है। परिजन के मुताबिक इस घटना में मुख्य साजिशकर्ता कोई और है। इसको लेकर उन्होंने नार्को टेस्ट कराने की मांग की है।

### ले रहे परामर्श

मृतक के परिजन ने मुख्य आरोपी का नार्को टेस्ट कराए जाने की मांग की है। इस पर विचार कर रहे है। विधि विशेषज्ञों की राय ली जा रही है। उचित सलाह मिलने पर नार्को टेस्ट कराया जाएगा।

-विजय कुमार पाण्डेय,
एसपी, जांजगीर चांपा

## खबर संक्षेप

### समितियों में बीज का पर्याप्त भण्डारण समय पर उठाव की अपील

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में खरीफ वर्ष 2026 खेती को सुचारू एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराने जिले के सभी समितियों में बीज का पर्याप्त भंडारण किया गया है। उप प्रबंधक व बीज प्रबंधक छ.ग.राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड, बीज प्रकिया केन्द्र खोखसा श्रीमती नम्रता तिवारी ने बताया कि खरीफ वर्ष 2026 हेतु जिला-जांजगीर चांपा के 102 समितियों की कुल धान बीज मांग 19150.00 क्विं. के विरुद्ध अब तक 16644.90 क्विं बीज मात्रा का एवं जिला सक्ती के 96 समितियों की कुल धान बीज मांग 21520.00 क्विं. के विरुद्ध 20309.00 क्विं. बीज मात्रा का भण्डारण जिले की समस्त समितियों में कराया जा चुका है। समितियों में धान बीज की किस्में स्वर्णा, स्वर्णा सब-1, महामाया, एवं 10 वर्ष के अन्दर की किस्मों एमटीयू-1156, विक्रम टीसीआर किस्मों का भंडारण किया जा चुका है। उन्होंने किसानों से अपील कर कहा है कि खरीफ वर्ष 2026 हेतु अपने संबंधित समिति से बीज प्राप्त कर सकते है।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 तक

**जांजगीर-चांपा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) सक्ती में प्रवेश सत्र 2026-27 एवं 2026-28 के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक 15 जून रात्रि 11:59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया वेबसाइट के माध्यम से पूरी की जाएगी। आईटीआई सक्ती के प्रभारी चन्द्रेश दिव्य ने बताया कि शासकीय आईटीआई सक्ती में फिटर, विद्युतकार, कोपा एवं सिलाई टेक्नोलॉजी व्यवसाय संचालित किए जा रहे हैं। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका का भलीभांति अध्ययन करने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रवेश से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी एवं मार्गदर्शन के लिए अभ्यर्थी कार्यालयीन समय में आईटीआई सक्ती से संपर्क कर सकते हैं।

### पुलिस ने दबिश देकर जब्त किए 75 लीटर शराब

**बाराद्वार।** अवैध कच्ची महुआ शराब कोचियो के विरूध्द बाराद्वार पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से 5 प्लास्टिक जरीकेन में 75 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया गया है। बाराद्वार पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि 6 जून को ग्राम पलाड़ीकलॉं में एक युवक द्वारा अवैध शराब से बेची जा रही है। टीम बनाकर रेड कार्यवाही कर आरोपी अश्वनी चैहान उर्फ करन पिता रामकिशन चैहान उम्र 19 साल निवासी पलाडीकलॉं थाना बाराद्वार के कब्जे से 15 लीटर क्षमता वाली 05 प्लास्टिक जरीकेन में 75 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया। उक्त शराब की कीमत 75 सौ रुपए बताई जा रही है। आरोपी को आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक नरेन्द्र यादव, प्रधान आरक्षक मनीष राजपूत, आरक्षक योगेश राठौर, आरक्षक तकेश्वर कटकवार एवं सैनिक राजेश कंवर का योगदान रहा।

## कर्ज में डूबे व्यापारी ने बनाई चोरी की मनगढंत कहानी, जांच में खुलासा



व्यापारी के कब्जे से रकम बरामद करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

अकलतरा थाना में दर्ज हुआ चोरी का केस झूठा निकला। कर्ज में डूबे व्यापारी ने ही चोरी की मनगढंत कहानी बनाकर एफ आई आर दर्ज कराई थी। पुलिस ने तकनिकी की जांच की तो मामले का खुलासा हो गया। व्यापारी से 3 लाख 15 हजार 746 रुपए बरामद किया गया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तरौद निवासी चिराग अग्रवाल होलसेल किराना दुकान चलाता है। चिराग ने थाना अकलतरा में 4 जून की रात चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने पुलिस को बताया कि शाम 7:30 बजे कमला नारायण राइस मिल से धान बिक्री के 3 लाख 15 हजार 746 रुपए लेकर स्कूटी की डिक्की में रखकर घर जा रहा था। रास्ते में शास्त्री चौक स्थित अरोरा मेडिकल से दवा लेने रुका, फिर सिंघानिया पेट्रोल पंप के पास से शिवा साहू को बैठाकर कन्हैया जनरल स्टोर गया। शिवा को लगारा छोड़कर घर पहुंचा तो डिक्की से पैसा गायब था। रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में धारा 303(2) बीएनएस दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान सीसी टीवी चेक करने पर वहां कोई चोरी की घटना नहीं दिखी। इधर कन्हैया जनरल स्टोर संचालक ने बताया कि स्कूटी दुकान के सामने खड़ी थी और उस दौरान कोई व्यक्ति पास नहीं आया। शिवा साहू ने भी पुष्टि की कि कन्हैया मेडिकल के अलावा चिराग कहीं और नहीं उतरा। अकलतरा रोड के सभी सीसी टीवी फुटेज में न कोई पीछा कर रहा था, न आगे-पीछे कोई संदिग्ध दिखा। साथ ही चिराग के राइस मिल से पैसा लेकर जाने की जानकारी किसी को नहीं थी। ऐसे में पुलिस को घटना फर्जी होने का शक हुआ। संदेह होने पर पुलिस ने मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की तो चिराग टूट गया। उसने बताया कि उसकी खुद की उधारी हो गई थी, जिसकी जानकारी घरवालों को नहीं थी। उधारी चुकाने के लिए डर के कारण उसने पूरे पैसे अपने पास रख लिए और चोरी की झूठी रिपोर्ट लिखवा दी। पुलिस ने चिराग की निशानदेही पर पूरी रकम 3 लाख 15 हजार 746 रुपए जप्त कर ली। पुलिस का कहना है कि अब चिराग के खिलाफ झूठी रिपोर्ट पर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में अकलतरा थाना प्रभारी भास्कर शर्मा, उप निरीक्षक बी.एल. कोसरिया, साइबर सेल से निरीक्षक सागर पाठक, आरक्षक प्रदीप दुबे, शाहबाज अहमद का योगदान रहा।

## जल आवर्धन के काम में फिर आई तेजी...

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर में नल से पानी सप्लाई का इंतजाम अभी तक नहीं हो सका है। जल आवर्धन योजना का काम 2017 में शुरू किया गया था। ठेकेदार ने कई साल तक मुख्य पाईप लाइन और मोहल्ले में पाईप लाइन विस्तार के साथ ही टंकी का आधा अधूरा निर्माण किया। काम की लेट लतीफी के कारण ठेकेदार को ब्लेक लिस्टेड कर कुछ माह पूर्व नया टेंडर किया गया है। नए ठेकेदार ने अब एक बार फिर काम शुरू किया है। इन दिनों मोहल्लों में पाइप लाइन विस्तार के लिए गड्ढे खोदे जा रहे है। खास बात यह है कि अब कुछ दिनों में ही मानसून आने वाली है। ऐसे में गली मोहल्लों में की जा रही खुदाई से लोगों की परेशानी बढ़ेगी।



### दुष्कर्म के आरोप में फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**नवागढ़।** नाबालिग को झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पथर्रा का है। ग्राम पथर्रा निवासी हिमांशु खूंटे उर्फ ईमानुयेन खूंटे द्वारा नाबालिग की फोटो वीडियो को वायरल कर देने की धमकी देकर जबरन अनाचार किया गया। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना नवागढ़ में धारा 64(2),3(5) बीएनएस 4,6 पास्को एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी हिमांशु खूंटे उर्फ ईमानुयेन खूंटे घटना के बाद फरार हो गया था। मुखबिर की सूचना पर उसे पकड़ा गया। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार 6 जून को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

### चेक बाउंस मामलों के निराकरण के लिए विशेष लोक अदालत 18 जुलाई को

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 18 जुलाई को चेक बाउंस मामलों के निराकरण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयदीप गर्ग द्वारा जांजगीर चांपा एवं सक्ति जिले के समस्त न्यायाधीशों को चेक बाउंस प्रकरणों को चिन्हांकित करने तथा अधिक से अधिक मामलों में दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर प्री-सीटिंग आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही जिला एवं तालुका स्तर पर आयोजित होने वाली इस विशेष लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु समस्त पैरालीगल वालेंटियर्स को भी निर्देशित किया गया है।

## अनियमितता पर एक दुकान सील, 39 सौ बोरी खाद जब्त



खाद दुकान में दबिश देकर कार्रवाई करती टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा


खाद की कालाबाजारी पर नकेल कसने शनिवार को कृषि विभाग की टीम ने उर्वरक दुकानों में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान अनियमितता पाए जाने पर 3943 बोरी खाद जब्त की गई। वहीं एक दुकान को सील करने की कार्रवाई की गई।

जिले के उर्वरक निरीक्षकों द्वारा शनिवार 6 जून को निजी कृषि केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। उर्वरक निरीक्षकों की 3 टीम ने निजी उर्वरक विक्रेताओं के यहां कुल 3943 बोरी उर्वरक की जब्ती एवं गोदाम सील की कारवाई की। विवेक ट्रेडर्स बम्हनीडीह में निरीक्षण के दौरान यूरिया 1786 बोरी, टी.एस.पी. 300 बोरी, सिंगल सुपर फास्फेट 300 बोरी, एन.पी.के. 105 बोरी, कुल 2491 बोरी उर्वरक का पॉस मशीन में दर्शित मात्रा का गोदाम में भण्डारित मात्रा से मिलान न होने पर उर्वरक विक्रेता के गोदाम में भण्डारित उर्वरक को जब्ती की कारवाई की गई। इसी प्रकार प्रकाश कृषि केन्द्र, खरौद में बिना पॉस के अवैध रूप से भण्डारित कुल 616 बोरी उर्वरक जब्त एवं विक्रय प्रतिबंध कर गोदाम को सील किया गया। मेसर्स रामगोपाल साहू कृषि केन्द्र ग्राम सिलादेही में निरीक्षण के दौरान गोदाम में भण्डारित कुल 836 बोरी उर्वरक का रिकार्ड संधारित न रखने, पॉस से मिलान न होने एवं सही रूप से बिल न काटने के कारण विक्रय प्रतिबंध की कारवाई की गई।

### कुछ दिनों में ही तापमान में आई 5 डिग्री की गिरावट

# नौतपा के जाते ही नरम पड़ने लगे सूरज के तेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



शहर में शनिवार को दिन भर चला सूरज और बादल के लुकाछिपी का खेल।

नौतपा के जाते ही सूर्यदेव के तेवर नरम पड़ गए हैं। पिछले कुछ दिनों से मौसम का मिजाज कुछ बदला बदला सा नजर आ रहा है। शहर समेत जिले के अधिकांश हिस्सों में बदली छा रही है। सूरज और बादल के लुकाछिपी का खेल चल रहा है। कहीं कहीं हल्की बारिश भी हो रही है। इससे तापमान में गिरावट आ रही है। कुछ दिनों के भीतर ही पारा 45 डिग्री से गिरकर 40 डिग्री पर आ गया है।

अमूमन नौतपा में सूर्य की तपन चरम पर होती है। इस बार भी नौतपा की शुरुआत में सूरज ने शोले बरसाए। नौतपा की शुरूआत 25 मई को हुई और शुरूआती दिनों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री तक रिकार्ड किया गया। हालांकि नौतपा के दौरान एक - दो दिन कहीं कहीं पर बारिश हुई। इससे बीच बीच में मौसम के मिजाज में कुछ नरमी देखी गई। नौतपा की समाप्ति 2 जून को हुई। इसके बाद से सूरज का प्रहार कम लगने लगा है। आसमान में बादल छा रहे हैं और बीच बीच में हल्की बारिश भी हो रही है। शुक्रवार और शनिवार को भी पुरे सूरज और बादल की लुकाछिपी का खेल चलता रहा। इसके आलावा पिछले कुछ दिनों में शहर समेत जिले के अधिकांश हिस्सों में बारिश भी हुई है। मौसम के इस बदले मिजाज से तापमान में गिरावट आई है। शनिवार को शहर का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस आ गया। सूर्यदेव के नरम पड़े तेवर ने भीषण गर्मी से व्याकुल लोगों को राहत दी है। मौसम के बदले मिजाज से लोग कुछ राहत महसूस कर रहे हैं।

### मानसून करीब, जल्द ही बारिश की संभावना

मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अब मानसून करीब है। केरल में 4 जून को मानसून की दस्तक हो चुकी है। हालांकि इस बार केरल में मानसून कुछ देरी से पहुंचा है। केरल से करीब 10 दिन में मानसून छत्तीसगढ़ पहुंचता है। इस लिहाज से अब मानसून करीब है। मानसून आने से पहले प्री मानसून की बारिश भी होती है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ के कई जिलों में भी अलर्ट जारी किया है। इधर पिछले कुछ दिनों से जांजगीर चाम्पा जिले में भी बदली और बारिश देखने को मिल रही है। मौसम के बदले मिजाज ने मानसून करीब होने के इसके संकेत भी दे दिए हैं। आगे भी जल्द ही प्रदेश समेत जिले में प्री मानसून की बारिश होने की संभावना जताई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### कक्षा सातवीं के छात्र ने भारत की हरीतिमा को प्रकट करते हुए बनाई पेंटिंग




**सक्ती।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को आयोजित एक संक्षिप्त व सांकेतिक कार्यक्रम में विद्यालयीन विद्यार्थियों से चित्रकला व पेंटिंग तथा कविता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण संबंधी जनजागरुकता लाने उद्देश्यमूलक सहभागिता का अवसर प्रदान किया गया। सर्वप्रथम प्रधानपाठक नरेन्द्र कुमार वैष्णव ने पर्यावरण के बारे में अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए विद्यार्थियों में छुपी प्रतिभा को उत्प्लावित करने आमंत्रित किया। अत्यंत धैर्यता का परिचय देते हुए कक्षा सातवीं के छात्र रेयांश साहू ने भारत की हरीतिमा को प्रकट करता हुआ शानदार पेंटिंग प्रस्तुत किया। इस नन्हें विद्यार्थी की पर्यावरणीय सोच प्रशंसनीय रही है। प्रस्तुत पेंटिंग हेतु शालेय परिवार एवं प्रबुद्ध वर्ग ने अनंतानंत हार्दिक शुभकामनाओं सहित उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास का दिया संदेश



**अकलतरा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जेएसडब्ल्यू महानदी पावर कंपनी लिमिटेड में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कंपनी प्रबंधन की ओर से अश्वनी मित्तल, जितेन्द्र त्रिपाठी, अभिषेक शर्मा एवं देवेन्द्र पांडा सहित कंपनी के कर्मचारी एवं श्रमिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर कंपनी परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लिया।वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, स्वच्छ वायु प्रदान करने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी कर्मचारियों, श्रमिकों एवं नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। एक पेड़ मां के नाम एवं हरित पर्यावरण, सुरक्षित भविष्य के संकल्प के साथ सभी उपस्थितजनों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

### डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापना के लिए हुआ भूमिपूजन

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पंचायत कामता में धान मंडी के समीप भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापना के लिए अनुसूचित जाति समाज के लोगों द्वारा विधि-विधान से भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के विचारों और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने समाज में समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनकी प्रतिमा स्थापना से नई पीढ़ी को उनके आदर्शों और योगदान की प्रेरणा मिलेगी। उपस्थित जनों ने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम में मोहन लाल मिरी, सुभाष कुमार मिरी एडवोकेट, हेमंत कुमार मिरी सामाजिक कार्यकर्ता, मुकेश कुमार चौहान चौहान समाज कार्यकर्ता, अनील कुमार चौहान, ईश्वर चौहान, होरिल कुमार मिरी, श्याम लाल मिरी, दिलहरण कुमार मिरी, ललित कुमार मिरी, घासी राम मिरी, पिताम्बर मनहर, राजप्रताप चौहान, अमन मिरी, रामकृपाल चौहान सहित समस्त अनुसूचित जाति समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन समाज की एकजुटता एवं सामाजिक उत्थान के संकल्प के साथ हुआ।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पीआईएल में विभिन्न प्रजाति के 160 पौधों का किया गया रोपण

# पर्यावरण को हराभरा रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी : पारीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

विश्व पर्यावरण दिवस और मिशन लाईफ-मिशन लाईफ स्टाईल फॉर इन्वायरोन्मेंट के उपलक्ष्य में 5 जून को सनराईज क्लब में सुबह 10 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनिट हेड एम.के.पारीक थे। अध्यक्षता पी.आई.एल. इंटक अध्यक्ष शिवदयाल कर्ष ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यकारी निदेशक कामर्शियल संजय जोशी, विभागाध्यक्ष पर्चेश सुधाकर सारश्वत, कारखाना प्रबंधक उदय सिंह, विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रीकल इंस्टुमेन्ट एस. कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी पी.आई.एल. डॉ. लोकेन्दर लगर, विभागाध्यक्ष पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग अशोक वैष्णव उपस्थित थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम. के. पारीक ने अपने उदबोधन में कहा कि आज के दिन प्रतिज्ञा लेते है कि पेड लगाकर उनकी देखभाल करें। आज जो भी इस कार्यक्रम में सुनेगे उसे अपने जीवन में अमल करेगें। पर्यावरण को हराभरा रखना हमारा नैतिक जिम्मेदारी है। इंटक अध्यक्ष शिवदयाल कर्ष ने कहा कि सबसे पहले हमें पर्यावरण को बचाना है। इसके लिए हमें अधिक से अधिक पेड लगाना है। आज विभिन्न प्रकार से हमारे वातावरण दूषित होते जा रहा है। वातावरण को दूषित होने से बचाने के लिए हमें ही आगे आना होगा। ताकि हमारे आने वाली पीढी को परेशानी न हो। कारखाना प्रबंधक उदय सिंह ने अपने उदबोधन में कहा कि आज प्रदुषण एक चिंतन का विषय है हमें इस ओर ध्यान देना चाहिए। प्रदुषण को रोकने के लिये हमें स्वयं को आगे आना चाहिए एवं मिल जुलकर कार्य करना चाहिए। प्रदूषण चाहे वायु का हो या जल का इस विषय में हमें चिंतन करना है। आज पेड पौधो की कटाई के कारण भीषण गर्मी के चपेट में है आज हम इसी तरह पेड पौधों की कटाई करते रहे तो आने वाले पीढी को भयंकर गर्मी की मार सहन करनी पडेगी। कार्यकारी निदेशक कामर्शियल संजय जोशी ने कहा कि पूरे विश्व में 1972 से ही विश्व पर्यावरण दिवस मनाते आ रहे है। इसी दिन को यादगार बनाने के लिए हम यह कार्यक्रम आयोजित करते है। उन्होंने कहा कि उनसे पहले जो अधिकारी एवं कर्मचारी पौधे लगाये है उसका लाभ हमें मिल रहा है उसी प्रकार आज हम जो पेड़ लगायेगें वे आने वाले पीढी याद करेगें। विभागाध्यक्ष पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग अशोक वैष्णव ने कहा कि आज पेड की कमी से गर्मी अधिक बढ गयी है, इसलिए आज सभी को यह संकल्प लेना है कि कम से कम एक पौधा लगाना है ताकि हमारे आने वाले पीढी को यह गर्मी का मार सहन न करना पडे। विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रीकल इंस्टुमेन्ट एस. कुमार ने कहा कि आज प्रदूषण एक चिंतन का विषय है हमें इस ओर ध्यान देना चाहिए। प्रदूषण को रोकने के लिये हमें स्वयं को आगे आना चाहिए एवं मिल जुलकर कार्य करना चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी पी.आई.एल. डॉ. लोकेन्दर लगर ने कहा कि जिस प्रकार भूख के लिए खाना आवश्यक है उसी प्रकार जीवन के लिए ऑक्सीजन भी आवश्यक है और ऑक्सीजन हमें पेड से प्राप्त होती है, इसके लिए हमें अधिक से अधिक पेड लगाना चाहिए। सुधाकर सारश्वत ने कहा कि पर्यावरण दिवस को परंपरा के तौर पर न मनाये। आज हम एक पौधा लगाय़ेगें तो वह हमारे आने वाले पीढी के लिए एक यादगार रहेगा। आज पूरा विश्व, पर्यावरण दिवस मना रहा है, आज आप सभी अपने आसपास एक पौधा जरूर लगाये, और आज के दिन को यादगार बनायें। कार्यक्रम का शुभारंभ संतोष थवाईत सहायक महाप्रबंधक, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के द्वारा मिशन लाईफ-मिशन लाईफ स्टाईल फॉर इन्वायरोन्मेंट की शपथ दिलायी गई। मिशन लाईफ-लाईफ स्टाईल फॉर इन्वायरोन्मेंट से संबंधित जानकारी देते हुएसंतोष थवाईत ने कहा कि कहा कि आज बढते हुए प्रदूषण के बारे में हम सबको सोचना होगा कि किस प्रकार पर्यावरण को बचाया जा सकते है, इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का शुभारंभ निदेशक, कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं समस्त अतिथियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कालोनी के बच्चों ने अधिक संख्या में भाग लिया। सभी स्पर्धाओं में चयनित प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियो, संयंत्र के अधिकारियों, कर्मचारियों ने वृक्षारोपण का कार्य किया गया, जिसमें प्लांट परिसर में नीम, बरगद, आम, आँवला, पीपल, अमरूद, अशोक, गुलमोहर, जामुन आदि विभिन्न प्रजातियों के लगभग 160 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन संतोष थवाईत तथा अभार प्रदर्शन रामेश्वर पटेल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग से राजेन्द्र मिश्रा, प्रमोद अग्रवाल, आशीष सिंह, रिपन कुमार नायक, देवेन्द्र राठौर, विवेक ए. सिंह, अमर जलतारे, भास्कर सिंह राजपूत, शुभम शाह, जैनेन्द्र कुम्हार, राकेश शर्मा, बसंत कुमार बरेठ, ब्रिजेश बहादुर पाल के साथ प्लांट के अधिकारीगण, कर्मचारीगण, पी. एण्ड ए., हार्टिकल्चर, वेलफेयर का योगदान रहा।




पौधरोपण करते यूनिट हेड एम.के. पारीक के साथ अन्य अतिथिगण।

### पर्यावरण दिवस पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल ने ग्राम कुटरा में लगाए पौधे



**जांजगीर-चांपा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में छ.ग. विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल ने ग्राम कुटरा के सोसायटी परिसर में भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर श्री चंदेल ने भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री मोदी के आहवान पर "एक पेड़ मां के नाम" कार्यक्रम में हम सभी लोगों को एक-एक पेड़ अवश्य लगाना है तथा पौधा को संरक्षित करना है, पानी को बचाना है। समाज के सभी लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना है। श्री चंदेल ने कहा कि वृक्षारोपण को एक जन आंदोलन बनाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर धनंजय सिंह ठाकुर, विवेका गोपाल, अमर सुल्तानिया, पुष्पेन्द्र सिंह, मण्डल अध्यक्ष धजाराम साहू, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, राजू कश्यप, साकेत तिवारी, गजेन्द्र सिंह, शिशिर तिवारी, मनहरण विजयवार, जलेश्वर कश्यप, प्रमोद कश्यप, रामू कश्यप, सत्यनारायण पटेल, पुष्पा श्रीवास, अमृत लाल कश्यप, उदल कश्यप, कृष्णा कश्यप, राजकुमार कश्यप, माखन कश्यप, मनमोहन कश्यप, हरदेव कश्यप, लखन कश्यप, मनोज आरले, दुलारी कश्यप, रितेश मोनू अग्रवाल, बेदराम डिग्रस्कर, छतराम कश्यप, अनिल साहू, पंकज कश्यप, धनेन्द्र कश्यप, रोशन कश्यप, लेखराम कश्यप, हरिश कश्यप, बबला कश्यप सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्तागण व ग्रामीणजन उपस्थित थे। सभी लोगों ने सघन वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लायंस स्कूल में पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

लायंस इंग्लिश हायर सेकंडरी स्कूल में लायंस क्लब चांपा द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी, लायंस शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन, क्लब सचिव लायन वासुदेव देवांगन, लायन विनोद कुमार अग्रवाल, प्रिंसिपल अजीता वी के, शिक्षक एवं शिक्षिकाओ ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधा रोपण किया।

इस अवसर पर चेयरमेंन लायन रामप्रपन्न देवांगन ने कहा कि वृक्षों का पृथ्वी पर अपना एक खास महत्व है , पर्यावरण संरक्षण में विशेष योगदान है, वृक्ष जहां एक ओर भूमि का बचाव करते हैं वही वृक्षों से हमें फल फूल और स्वक्ष वायु प्राप्त होता है, वाहन की अधिकता और उसमें उपयोग किए जाने वाले डीजल पेट्रोल के जलने से निकलने वाले विषैले गैस को अवशोषित कर वृक्ष हमें जीवन दायिनी ऑक्सीजन देते है। वृक्ष उगाने से ज्यादा उनका संरक्षण महत्व पूर्ण है। वृक्षों को कटने से बचाना चाहिए। अध्यक्ष एमजे एफ लायन संतोष कुमार सोनी ने शहर के अंदर वृक्षों के संरक्षण एवं वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वृक्षों के महत्व व लाभ के बारे में बताया । लायंस स्कूल में महत्वपूर्ण दिवसों पर कार्यक्रम आयोजित कर जागरूकता अभियान चलाया जाता है ।



### एबीवीटीपीएस मड़वा में मनाया गया पर्यावरण संरक्षण सप्ताह

**जांजगीर-चांपा।** अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र मड़वा में 30 मई से 5 जून तक विश्व पर्यावरण संरक्षण सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता एचएन. कोसरिया ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हो रहे प्रयासों में सभी की संयुक्त सहभागिता जरूरी है। इसके साथ ही पानी और ऊर्जा की बचत करें और सिंगल युज प्लास्टिक को अपने दैनिक जीवन में उपयोग से बचें। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसडी. द्विवेदी, आलोक लकरा एवं एन. लकरा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में पॉवर प्वाइंट प्रेजेनटेशन जरिए पर्यावरण के प्रति चिंताओं एवं संरक्षण के उपायों को सहायक प्रबंधक पर्यावरण संजय कुमार झा द्वारा रेखांकित गया। इस थीम पर आधारित पूरे सप्ताह में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं सफाई अभियान चलाया गया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर विविध जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय, बनाहिल में विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम हमारी भूमि, हमारा भविष्य के अनुरूप छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण किया तथा धरती को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया।

■ छात्र-छात्राओं ने पौधे लगाते हुए पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, धरती को हराभरा बनाने लिया संकल्प

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के संरक्षक डॉ. जे.के. जैन ने परिसर में पौधा रोपकर किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित न रहकर हमारी जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। यदि प्रत्येक विद्यार्थी एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल का संकल्प ले, तो क्षेत्र को हराभरा बनाने का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शिखा सिंह ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक योगदान देगा। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। प्लास्टिक हटाओ-पर्यावरण बचाओ, जल है तो कल है तथा एक पेड़ माँ के नाम जैसे विषयों पर विद्यार्थियों ने आकर्षक पोस्टर तैयार कर पर्यावरण के प्रति अपनी जागरूकता प्रदर्शित की। प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा कु. सुमन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।'सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण' विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पर्यावरण प्रदूषण के कारणों, प्रभावों एवं समाधान पर अपने विचार व्यक्त किए। वहीं 'जलवायु परिवर्तन : चुनौती और समाधान' विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। संचालन सहायक प्राध्यापक दुर्गा टंडन तथा आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक अनुज जैन ने किया।



पौधरोपण कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं।

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केरा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को ग्राम मोहतरा में भाजपा शिवरीनारायण मंडल एवं पहल युवा संगठन मोहतरा द्वारा पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम उपस्थित सभी लोगों द्वारा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।। तत्पश्चात भाजपा मंडल शिवरीनारायण की मासिक बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल एवं बेमिसाल 12 वर्ष के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के कार्यकाल को लेकर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में लोकेश शुक्ला बाबू भाजपा मंडल अध्यक्ष, महामंत्रीद्वय दिलेश्वर साहू, विष्णु हरी गुप्ता, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती तिलेश्वरी साहू, रामप्रसाद राही, द्वासराम श्रीवास, बुद्धेश्वर केसरवानी, मारकंडेय कश्यप, गोपाल केडिया, परमानंद कश्यप, ललित कश्यप, कन्हैया कश्यप, श्रीमती स्नेह लता सोनी, मनीराम साहू, भागीरथी पटेल, अमित तिवारी, आकाश यादव गोपाल पटेल, कबीर साहू ,नरेंद्र कश्यप, यशवंत वैष्णव, कुमार निराला, शांतिलाल पटेल शिवनारायण पटेल, रमाकांत पटेल, परमानंद कश्यप, भुवनेश्वर गोस्वामी, दिलीप कश्यप, अजय शुक्ला, कुमार नायक, रामनरेश साहू, मोहर सिंह रत्नाकर, यशवंत यादव, खगेंद्र साहू,संतन दास,भाजपा शिवरीनारायण मंडल सहित मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष, पहल युवा संगठन के सभी पदाधिकारी व सदस्य गण उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में शामिल भाजपा मंडल के पदाधिकारी एवं ग्रामीण।

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत बलौदा अंतर्गत ग्राम पंचायत झर्राडीह में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि वृक्षारोपण तभी सार्थक होगा जब लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों तथा ग्रामवासियों को पौधों की सुरक्षा और उनके समुचित रख-रखाव करने कहा। कलेक्टर श्री महोबे ने पर्यावरण संरक्षण, जल संचय एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संकल्प एवं शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है तथा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए सभी को इसमें सक्रिय सहभागिता निभानी चाहिए। इस दौरान नीम, आंवला, पीपल, बरगद, मुनगा, आम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता से जुड़े विभिन्न संदेशों का भी प्रसार किया गया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत किशोरी बालिकाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए वृक्षारोपण किया। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को समाज के समग्र विकास का आधार बताते हुए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र झर्राडीह का निरीक्षण भी किया।

भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार केंद्र में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

# पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण सभी लोगों का कर्तव्य : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा के निर्देश पर भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार केंद्र (आरसेटी) केंद्र जांजगीर में पर्यावरण विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल जांजगीर सत्यनारायण सिंह ठाकुर द्वारा उपस्थित लोगों को पर्यावरण दिवस मनाने के महत्व और उद्देश्य के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने और वृक्ष राष्ट्र की संपत्ति है, उसे सुरक्षित रखने व अधिक से अधिक पौधा लगाने, पर्यावरण को सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है । अपने घरों के पास वृक्ष लगाने, पानी के स्त्रोत को सुरक्षित व साफ सफाई रखने कहा। श्री सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम, वायु प्रदूषण अधिनियम के साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। संगीता मरावी असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल जांजगीर द्वारा पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण को सुरक्षित रखने के संबंध में सभी को महत्वपूर्ण योगदान देने को कहते हुए वन संरक्षण अधिनियम, वन्य जीव संरक्षण अधिनियम व उपस्थित महिलाओं को लैंगिक उत्पीड़न से बालकों का संरक्षण अधिनियम, महिलाओं से संबंधित कानूनी प्रावधान, आपराधिक एवं सिविल अपराध के प्रकारों एवं महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी दिया गया। गगन उपाध्याय असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल जांजगीर द्वारा उपस्थित लोगों को पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण सुरक्षा एवं संरक्षण पर महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए लीगल एड डिफेंस डिफेंस काउंसिल के कार्यों, निशुल्क अधिवक्ता नियुक्ति के प्रावधान, लीगल एड क्लिनिक के कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल पैरालीगल वालेंटियर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी को पर्यावरण के प्रति संकल्प लेने को कहा गया।



कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते सत्यनारायण सिंह एवं मंचस्थ अतिथि।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि प्रधा2026 के तहत जिले के ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपने स्वयं के जीवन को जोखिम में डालते हुए उसकी निस्वार्थ सेवा या प्रतिकूल प्राकृतिक या मानव निर्मित परिस्थितियों के खिलाफ उत्कृष्ट साहस का कार्य एवं असाधारण कार्य किया हो।


जाँजगीर मार्केट

फनीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
लकड़ी सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, चेहली, राफ्टर, बेड़ी, दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल, दीवान, पलंग, आलमारी, सोफासेट, ड्रेसिंग, कुलर, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T.
दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त कोर्स
ENGINEERING COURSE
1. Electrician 10TH PASSED 2 Year Course
2. Fitter 10TH PASSED 2 Year Course
3. Welder 10TH PASSED 1 Year Course
4. Diesel Mechanic 10TH PASSED 1 Year Course
NON- ENGINEERING COURSE
1. COPA - 10TH PASSED 1 Year Course
2. Health Senatory Inspector-10TH PASSED 1 Year Course
3. Steno Grapher (Hindi)-10TH PASSED 1 Year Course
संपर्क- यश आई.टी.आई.
साईं मंदिर के पास लछनपुर (चांपा), जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मो. 88719-11141, 97533-79677

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# सीखने के लिए समस्या का होना जरूरी नहीं : बिग बी

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने जिंदगी में आने वाली समस्याओं और उनसे डील करने को लेकर एक पोस्ट लिखा है, जो चर्चा में है। उनका कहना है कि समस्याओं को तुरंत ही सुलझाने की जरूरत नहीं, क्योंकि वो हमें परिस्थितियों की गहरी समझ, उनसे जुड़े ज्ञान और अनुभव को हासिल करने का अवसर लेकर आती हैं। वो हमें और भी समझदार और परिपक्व बना देती हैं। सीखने के लिए समस्या का होना जरूरी नहीं है, लेकिन अगर अगली बार ऐसी कोई समस्या आती है, तो न केवल उसके समाधान के लिए, बल्कि उससे जुड़ी हर संभावना को समझने के लिए तैयार रहना चाहिए। इससे पहले एक अन्य पोस्ट में उन्होंने बदलाव की अहमियत और उसे स्वीकारने के बारे में लिखा। साथ ही कहा कि आखिर में सबकुछ खत्म हो जाएगा, लेकिन हर चीज का अंत बदलाव का सामना किए बिना नहीं होगा। अमिताभ बच्चन ने लिखा, 'समस्याओं की एक अच्छी बात यह है कि वो बाद में भी समस्याएं ही रहेंगी। उनसे तुरंत निपटना जरूरी नहीं है। हर दिन कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।.. और किसी न किसी समस्या के सामने आने से मन में एक तरह की बेचैनी पैदा होती है, जिससे उस समस्या का पूरा ज्ञान और समझ मिलती है।

लाइफ Style

# तमन्ना
## आध्यात्मिक जर्नी की दिखाई झलकियां

तमन्ना भाटिया ने अपने आध्यात्मिक जर्नी की झलकियां दिखाई हैं। पूजा-पाठ, मंत्रों की गूंज, श्रद्धा भाव और गुलाबी बनारसी साड़ी में लिंग भैरवी देवी पुण्य पूजा का आयोजन। इस दौरान तमन्ना ने जो महसूस किया, उसे शब्दों में बताने की भी कोशिश की है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

तमन्ना भाटिया ने स्पिरिचुअल जर्नी की जो कहानी सुनाई है, वो काफी लोगों को हैरान कर सकती है। तमन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर लिंग भैरवी देवी पुण्य पूजा की 9 झलकियां दिखाई हैं और इस पोस्ट के कैप्शन में इस डिवाइन फीलिंग को बयां किया है। उन्होंने अपने कैप्शन में बताया कि घर में दिनभर चली प्रार्थना, पूजा और पॉजिटिव एनर्जी का असर ऐसा था कि उन्हें लग रहा था जैसे वहां हर तरफ सब चीज बेहद खूबसूरत है। उन्होंने लिखा, 'सभी लोग जा चुके थे। मंत्रों का जाप शांत हो चुका था। पूजा पूरी हो चुकी थी। फिर भी मैं देवी के पास बैठी थी और चाहती थी कि बस ये दिन खत्म ही नहीं हो। उस जगह में अभी भी बहुत जीवंतता थी। एक ऐसे घर की एनर्जी, जहां दिन भर प्रार्थना, सेलिब्रेशन, हंसी, भक्ति और सबका साथ रहा। ऐसा लग रहा था मानो हवा में कोई खूबसूरत चीज अभी भी बसी हुई है, जो यहां से जाने से इनकार कर रही है।' कैप्शन में आगे कहा है, 'इस दिन को और भी खास बना दिया फैमिली, अपने और वे सभी लोग जो इस एक छत के नीचे इकट्ठा हुए थे। मैंने हमेशा महसूस किया है कि जब कोई इस तरह का आध्यात्मिक कार्य घर में होता है तो यह न केवल इसे आयोजित करने वालों को, बल्कि दरवाजे से अंदर आने वाले हर व्यक्ति को प्रभावित करती है।



हॉलीवुड मसाला



# आइस एज बॉइलिंग पॉइंट का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** आइकॉनिक झुंड के रोमांच के मचअवेटेड अगले अध्याय आइस एजः बॉइलिंग पॉइंट का बिल्कुल नया टीजर ट्रेलर और पोस्टर अब रिलीज हो चुका है। यह फिल्म 5 फरवरी 2027 को अंग्रेजी और हिंदी में केवल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मैमथ, सेबर-टूथ टाइगर, स्लॉथ और ढेर सारी प्रागैतिहासिक अफरा-तफरी से भरी दुनिया में लौटने के लिए तैयार हो जाइए! अब तक की सबसे लोकप्रिय एनिमेटेड फ्रेंचाइजी में से एक आइस एज आधिकारिक तौर पर आइस एजः बॉइलिंग पॉइंट के साथ बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है, और इसका उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। टीजर में मैनी (आवाजः रे रोमानो), डिएगो (आवाज़ः डेनिस लेरी), सिड (आवाज़ः जॉन लेगुइज़ामो), बक (आवाज़ः साइमन पेग) और एली (आवाज़ः क्वीन लतीफा) एक बार फिर साथ नज़र आते हैं।



# एक्शन और विजुअल्स बने 'ही मैन' की सबसे बड़ी ताकत

**नई दिल्ली।** फैंटेसी और एडवेंचर फिल्मों के शौकीनों के लिए 'ही मैन एंड द मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स' एक शानदार सिनेमेटिक एक्सपीरियंस लेकर आई है। जिसमें शानदार एक्शन तो है ही। साथ में इमोशन से भरपूर लम्हे, हाई लेवल के ग्राफिक्स और ऐसी दुनिया जो एक अलग ही लेवल की लाइफ को बयां करती हैं। फैन्स काफी समय से इस फिल्म फिल्म का इंतजार कर रहे थे। और, ये कहना गलत नहीं होगा कि फिल्म ने आते ही उन्हें नॉस्टेलजिक कर दिया है। फिल्म से जुड़े शुरुआती रिस्पॉन्स के मुताबिक फिल्म दर्शकों को थिएटर में बांधे रखने में कामयाब हो रही है। खास तौर पर इसकी विजुअल क्वालिटी और क्लाइमैक्स सीक्वेंस बड़े पर्दे के लिए तैयार किए गए ही लगते हैं। जो दर्शकों को रोमांचित करते हैं। फिल्म समीक्षक रमेश बाला ने इस फिल्म को पांच में से 3.5 स्टार्स दिए हैं। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि ये एक सॉलिड एक्शन पेक्ड एंटरटेनर है। जो नॉस्टेलजिया से भरपूर है। जिसकी वर्ल्ड बिल्डिंग भी खासी इंप्रेसिव है। उनके मुताबिक फिल्म के एक्शन सीक्वेंस ही इसकी जान है। जिनके जरिए ही मैन की दुनिया को बड़े पर्दे पर काफी लार्ज तरीके से और खूबसूरती के साथ पेश किया गया है।



# पेड्डी का 135 करोड़ का धमाका
## सारी फिल्में हो गईं चित

**नई दिल्ली।** 'पेड्डी' इस साल मच-अवेटेड फिल्म में से एक है। फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है, जिसमें राम चरण, जाह्नवी कपूर, शिवा राजकुमार, जगपति बाबू, दिव्येंदु, बोमन ईरानी और रवि किशन जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। अब रिलीज होने के साथ ही राम चरण की फिल्म 'पेड्डी' ने थिएटर्स में तूफान ला दिया है। हिम्मत, जज्बे और दिल छू लेने वाली कहानी को देखने के लिए थिएटर्स में भारी भीड़ उमड़ रही है। अब 'पेड्डी' के पहले दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सामने आ गया है। मेकर्स की ओर से मिली जानकारी के अनुसार 'पेड्डी' ने अपने पहले दिन दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 135.36 करोड़ रुपए से ज्यादा का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। जिससे यह इस साल की सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्मों में से एक बन गई है।



# फहलाज मेरी नींव के पत्थर थे : गोविंदा

**मुंबई।** गोविंदा ने पहलाज निहलानी को अंतिम विदाई देने के बाद मीडिया से बात की और बताया कि प्रोड्यूसर ने ही उन्हें गरीबी से बाहर निकाला था। गोविंदा को पहलाज निहलानी ने साल 1986 में आई फिल्म इल्जाम से बॉलीवुड में लॉन्च किया था। इसके बाद उन्होंने एक्टर संग शोला और शबनम और आंखें के अलावा कई और फिल्में बनाईं। जब गोविंदा की पहली फिल्म हिट हुई थी, तो उन्होंने एक साथ 49 फिल्में साइन कर ली थीं। एक मैगजीन ने तो तब गोविंदा को 'सोने के अंडे देने वाली मुर्गी' बता दिया था। गोविंदा ने पहलाज निहलानी को याद करते हुए कहा, पहलाज निहलानी, हमारी नींव के पत्थर थे। माई और मुझ जैसे कलाकार जो गरीबी के दौर से ऊपर आए, उसमें हमें आपका सहयोग रहा। गोविंदा ने फिर आगे कहा, 'मैं पूरे सिंधी समाज को और पहलाज जी को प्रणाम करता हूं।

टीवी मसाला



# 'भाबीजी घर पर हैं 2.0' हुआ फ्लॉप, विभूति ने जताई थी आपत्ति

**नई दिल्ली।** आसिफ शेख टेलीविजन के साथ फिल्मों में भी काम करने को लेकर जाने जाते हैं। उनको असली पहचान शो भाबीजी घर पर हैं से मिली थी। इस शो में उन्होंने विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभाया था। अगर उनके कॅरियर की बात करें तो उन्होंने साल 1984 में टीवी शो हम लोग से शुरुआत की थी। इसके अलावा एक्टर काफी बड़ी फिल्मों में नजर आए, जिसमें करण अर्जुन, भारत जैसी तमाम फिल्मों के नाम शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार उनका नाम शो में 300 से अधिक किरदार निभाने के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स-लंदन में भी दर्ज किया गया है। बीते दिनों शो भाभी जी घर पर हैं 2.0 दर्शकों के बीच में आया। इस प्रोजेक्ट से दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं। लेकिन, शो दर्शकों के बीच कोई खास जगह नहीं बना पाया। हाल ही में एक्टर ने इस शो से जुड़ी शेयर की और अपना दुख जाहिर किया। उन्होंने कहा कि इस शो में जो फैब्रिक था, वो पूरा बदल गया था। मैं भी इसके पक्ष में नहीं था। शो का क्या मतलब रहा? मैं ऐसा पहला इंसान हूं, जिसने इस शो में यह फैब्रिक बदलने का विरोध किया। लेकिन ये ऊपर से ऑर्डर्स आए थे, इसलिए मैं भी कुछ नहीं कर पाया। पुराने शो में आपने देखा कि कैसे विभूति दूसरे घर में जाकर भाभी जी से मजाक करता है। आपने यह पूरा फैब्रिक ही चेंज कर दिया। एक्टर ने आगे कहा कि शो में मेरा लीड किरदार था।

## 41 साल पुराने सीरियल रजनी की वापसी


**नई दिल्ली।** बात 1985 की है। इस साल दूरदर्शन पर एक शो आया था जिसका नाम था 'रजनी'। इस शो में एक हाउसवाइफ होती है जिसका ऊसूल होता है कि कोई भी चीज वो हर कसौटी पर कसकर खरीदती है। फिर वो चाहे घर का सामान हो या फिर गैस का सिलेंडर। रजनी का ये किरदार प्रिया तेंदुलकर ने



निभाया था, जबकि इसके डायरेक्टर करण राजदान थे। अब 'रजनी 2.0' की दूरदर्शन पर वापसी हो रही है। डायरेक्टर करण राजदान ने शो के बारे में कहा कि 'रजनी' पहले भी दूरदर्शन पर आता था। दूरदर्शन ने मुझे इसके अगला पार्ट बनाने के लिए ऑफर दिया। हालांकि, एक बड़े चैनल को भी मैंने यह आइडिया सुनाया था। उनको भी काफी पसंद आया। सबसे बड़ी बात यह है कि उनका कहना था कि 'रजनी 2.0' में 2 एपिसोड्स में पूरा केस सॉल्व कैसे कर सकती है? मैं कहता हूं कि आज के समय हमारे देश में ऐसी धाराएं आ गई हैं जो हाल ही कंज्यूमर की प्रॉब्लम सॉल्व करती हैं। इस शो को डीडी नेशनल पर देखा जा सकेगा। डायरेक्टर ने आगे बताया कि आज के समय आप अपना खुद का केस कंज्यूमर कोर्ट में जाकर लड़ सकते हो। आपको किसी की जरूरत नहीं है। यह बात मैं लोगों तक पहुंचाना चाहता था।

द इंडिया स्टोरी का टीजर रिलीज

# दूध और खाने में मिलावट अस्पताल में तड़पते लोग



**मुंबई।** काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े की अदाकारी से सजी अपकमिंग फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म की कहानी थोड़ी अलग होने वाली है। इसमें खाने पीने की चीजों में मिलावट और खेती में केमिकल के गलत इस्तेमाल पर प्रकाश डाला गया है। टीजर में फिल्म की झलक की दिखी है। एक मिनट 26 सेकंड के टीजर में देखा जा सकता है कि तरबूज में इंजेक्शन लगाया जा रहा है। दूध और पनीर में मिलावट की जा रही है। इसी तरह से फसल में कीटनाशक का इस्तेमाल किया जा रहा है। टीजर में दिखाया गया है कि मिलावटी और जहरीला खाना खाने से लोग बीमार पड़ रहे हैं और अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं। टीजर में किसी भी मुख्य कलाकार को नहीं दिखाया गया है। इसमें डेटा खाने पीने में मिलावट की तस्वीरें और वीडियो दिखाई गई हैं। टीजर के आखिर में बताया गया है कि फिल्म 24 जुलाई को रिलीज होगी। इसके निर्देशक चेतन डीके होंगे। 'द इंडिया स्टोरी' का टीजर एक ऐसी कहानी की झलक देता है, जिसमें आज के मद्दे होंगे। इसमें दिखाया जाएगा कि खाने-पीने की चीजों में कैसे मिलावट की जाती और यह हमें कैसे बीमार कर रहा है। यह फिल्म लोगों को सोचने पर मजबूर करेगी और जागरूक करेगी।

# गोलमाल 5 में सुपरनैचुरल एलिमेंट के साथ होगा हॉरर-कॉमेडी का तड़का



**मुंबई।** रोहित शेट्टी की सुपरहिट 'गोलमाल' फ्रेंचाइज की अगली फिल्म यानी 'गोलमाल 5' को लेकर काफी समय से चर्चा है। फैंस फिल्म की अनाउंसमेंट के वक्त से ही इसे लेकर क्रेजी हैं। 'गोलमाल 5' में अक्षय कुमार भी हैं और उनकी एंट्री ने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। इस बीच 'गोलमाल 5' की कहानी से लेकर स्टारकास्ट और किरदारों के बारे में अहम जानकारी सामने आई है। इस बार कहानी में सुपरनैचुरल एलिमेंट के साथ हॉरर-कॉमेडी का तड़का भी होगा। साथ ही रणवीर सिंह की भी एंट्री की खबरें हैं। 'गोलमाल 5' के पहले शेड्यूल की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इसे ऊटी में शूट किया गया था। अब अगला बड़ा शेड्यूल जुलाई में शुरू होगा। इसे मुंबई में शूट किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही हैं। इस बार फिल्म की कहानी बेशक हॉरर कॉमेडी और सुपरनैचुरल बताई जा रही है, पर गोवा भी इसका अहम हिस्सा बनेगा। 'गोलमाल 5' में अजय देवगन, अरशद वारसी, श्रेयस तलपड़े, कुणाल खेमू और तुषार कपूर तो हैं ही, पर इस बार अक्षय कुमार की भी एंट्री हुई है। बताया जा रहा है कि फिल्म में उनका किरदार 'हाउसफुल 4' के बाला से इंस्पायर्ड हो सकता है। उनकी एंट्री 'गोलमाल 5' में या तो मेन विलेन या फिर नेगेटिव रोल में होगी। उन्हें 'गोलमाल 5' में तमिलनाडु के एक बादशाह के रूप में दिखाया जाएगा। वहीं, 'गोलमाल 5' के किरदारों को लेकर भी जानकारी मिली है। 'गोलमाल' फ्रेंचाइज की पहले पार्ट में शरमन जोशी, अजय देवगन की टीम का हिस्सा थे, पर बाद में वह इस फ्रेंचाइज से अलग हो गए थे।

## बिहाइंड हर आइज का अंत देखकर पैरों तले खिसक जाएगी जमीन

# वो साइकोलॉजिकल हॉरर, जिनमें डराता है इंसानी दिमाग का पागलपन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगर आपको साइकोलॉजिकल हॉरर थ्रिलर्स पसंद हैं, तो आपको इन फिल्मों और सीरीज की लिस्ट देखनी चाहिए। लिस्ट में टॉक टू मी, द बाबाडूक और सेंट मॉड जैसी फिल्में शामिल हैं, जो मानसिक बीमारी, दुख और धार्मिक उन्माद को डरावने रूप में दिखाती हैं। इसके अलावा, वेब सीरीज'बिहाइंड हर आइज अपने अनोखे ट्विस्ट और क्लासिक फिल्म मिजरी एक जुनूनी फैन के खौफनाक पागलपन को बखूबी बयां करती है।

**शैतान (2024):** इस लिस्ट में बॉलीवुड की फिल्म 'शैतान' भी अपनी जगह बनाती है, जो माता-पिता के सबसे बड़े डर को पर्दे पर लाती है। एक हंसता-खेलता परिवार वीकेंड मनाने बाहर जाता है, लेकिन उनकी जिंदगी तब नरक बन जाती है, जब एक अजनबी उनकी जवान बेटी को अपने वश में कर लेता है। वह लड़की उस आदमी के सम्मोहन में आकर अपने ही माता-पिता पर क्रूर अत्याचार करने लगती है, जिसे देख किसी की भी रूह कांप जाए।

**द बाबाडूक (2014):** यह फिल्म सिर्फ एक मॉन्स्टर की कहानी नहीं है, बल्कि इंसानी दिमाग के गहरे खालीपन को दिखाती है। कहानी एक अकेली मां और उसके बेटे की है, जो बच्चों की एक किताब से निकले अजीब और डरावने राक्षस 'बाबाडूक' के साए से परेशान हैं। यह कमाल की ऑस्ट्रेलियाई फिल्म असल में किसी भूत-प्रेत से ज्यादा, एक मां के पुराने दुख, तन्हाई और डिप्रेशन के खौफनाक रूप को पर्दे पर बेहद संजीदगी और डर के साथ पेश करती है।



**सेंट मॉड (2020):** अगर आप धीरे-धीरे बढ़ने वाले सस्पेंस के दीवाने हैं, तो आपको 'सेंट मॉड' बिल्कुल मिस नहीं करनी चाहिए। इसमें एक अकेली और बेहद धार्मिक हॉस्पिस नर्स की कहानी है, जो अपनी एक नास्तिक मरीज की आत्मा को बचाने के जुनून में इस कदर अंधी हो जाती है कि सही और गलत का फर्क भूल बैठती है। यह फिल्म मानसिक बीमारी, तन्हाई और धार्मिक उन्माद के खतरनाक तालमेल को बहुत ही खौफनाक अंदाज में दिखाती है।

**भूतकालम (2022):** मलयालम सिनेमा की बेहतरीन साइकोलॉजिकल फिल्म आपको सोचने पर मजबूर कर देगी। घर में एक मौत के बाद एक मां और उसका बेटा डिप्रेशन से जूझते हुए अपने किराए के मकान में कुछ बेहद डरावनी और अजीब घटनाओं का सामना करते हैं। फिल्म की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि यह अंत तक दर्शकों को उलझाए रखती है कि जो कुछ हो रहा है, वह वाकई कोई भूत है या फिर उनके दिमाग का वहम।

**तुम्बाड (2018):** भारतीय सिनेमा की सबसे बेहतरीन हॉरर फिल्मों में गिनी जाने वाली 'तुम्बाड' इंसानी लालच की एक अनोखी और डरावनी लोककथा है। कहानी एक ऐसे आदमी की है, जिसकी सोने के खजाने को पाने की भूख उसे एक श्रापित देवता की अंधेरी कोख तक ले जाती है। यह फिल्म सिर्फ डराती नहीं है, बल्कि यह दिखाती है कि कैसे इंसान का अपना ही लालच उसके लिए सबसे बड़ा और सबसे भयानक राक्षस बन जाता है।

**बिहाइंड हर आइज (2021):** अगर आपको मिनीसीरीज देखना पसंद है, तो 'बिहाइंड हर आइज' एक परफेक्ट साइकोलॉजिकल थ्रिलर है। कहानी एक सिंगल मदर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने बॉस के साथ अफेयर में पड़ जाती है और साथ ही उसकी रहस्यमयी पत्नी से भी दोस्ती कर लेती है। तीन लोगों का यह अजीब लव ट्रायंगल धीरे-धीरे ऐसे डार्क सीक्रेट्स खोलता है, जिसका अंत देखकर आपके पैरों तले जमीन खिसक जाएगी।

**मिजरी (1990):** मशहूर लेखक स्टीफन किंग के नॉवेल पर बनी क्लासिक फिल्म एक जुनूनी फैन के डरावने रूप को दिखाती है। एक जाने-माने लेखक की कार का एक्सीडेंट हो जाता है, जिसके बाद उसकी जान उसकी 'नंबर वन फैन' बचाती है। लेकिन, यह सेवा जल्द ही एक भयानक कैद में बदल जाती है, जब उस फैन का पागलपन सामने आता है। यह फिल्म आपको शुरू से अंत तक सीट से बांधकर रखेगी।

## खबर संक्षेप

### प्लास्टिक मुक्त समाज के लिए निःशुल्क बर्तन सेवा का शुभारंभ



**अकलतरा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वेल विशर फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए निःशुल्क बर्तन सेवा का शुभारंभ एवं पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी के.डी. वैष्णव ने कहा कि वेल विशर फाउंडेशन द्वारा शुरू की गई यह पहल सराहनीय है। यह पर्यावरण संरक्षण के लिए एक अनूठा प्रयास है, जिसका लाभ समाज के सभी वर्गों को उठाना चाहिए।वरिष्ठ समाजसेवी सतीश दीवान ने कहा कि प्लास्टिक पर्यावरण का सबसे बड़ा दुश्मन है। इसका अपघटन लगभग असंभव होने के कारण यह लंबे समय तक पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि निःशुल्क बर्तन सेवा जैसी पहल लोगों को प्लास्टिक और डिस्पोजल सामग्री के उपयोग से बचने के लिए प्रेरित करेगी।प्राचार्य केशव कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित करना चाहिए। प्राचार्य विपिन पांडेयने कहा कि निःशुल्क बर्तन सेवा का मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक एवं डिस्पोजल सामग्री के उपयोग को कम करना है। कार्यक्रम में वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह, कोषाध्यक्ष श्रीमती रंजना सिंह, सदस्य दीपक साहू, दिलेश्वर साहू एवं हर नारायण साहूने भी अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम का संचालन चिराग शर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन संस्था के श्रीपाल सिंह बैसने किया।इस अवसर पर सतीश मानिकपुरी, फिरोज कश्यप, गौतम साहू, मन्नू थवाईत, आकाश राठौर, दुले चंद साहू उपस्थित रहे।

### पूर्व विधायक डॉ. राकेश सिंह की जयंती पर मरीजों को फल वितरित



**अकलतरा।** पूर्व विधायक स्व. डॉक्टर राकेश कुमार सिंह की जन्म जयंती के अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया। कार्यक्रम में नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वर टंडन ने कहा कि डॉ. राकेश कुमार सिंह का जीवन जनसेवा और सामाजिक सरोकारों के लिए समर्पित रहा है। उनकी जयंती पर जरूरतमंदों की सेवा कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की जा सकती है।फल वितरण कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण जिला अध्यक्ष भविष्य चंद्राकार, संतोष सिंह बैस,छतराम साहू, राजेश जैन, मदन सिंह बैंस मोईद खान, इरशाद बाबा, अविनाश लाटा, राजा जैन, राजू जैन, अविनाश साहू, जयदीप सिंह, मीनू साहू, नरेश देवांगन उपस्थित रहे।

### भाजपा मण्डल मुलमुला की हुई मासिक बैठक




**मुलमुला।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल मुलमुला की मासिक बैठक ग्राम नंदेली में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों, बूथ सशक्तिकरण अभियान तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा नेता संतोष लहरे ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति एवं सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक में शक्ति केन्द्र एवं बूथ समितियों की समीक्षा की गई तथा संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क बढ़ाने, लाभार्थियों से संपर्क करने और सरकार की योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर दरस पटेल, सुखराम मधुकर, भीमबली नायक, कौशल जोशी, किरण कुम्भकार, धनजीत सिंह, , प्रहलाद साहू, सविता पटेल, कुलदीप सिंह, प्रकाश राजपूत, नरेश पोर्ते, चंदाराम कश्यप, कोमल राजपूत, दिलीप कश्यप, राजकुमार वैष्णव, वंशराज सिंह, डामेश्वर टण्डन, बनवारी लाल धीवर, जितेंद्र पटेल सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निधन

### श्रीमती सिरो देवी



**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पंचायत दारंग की प्रतिष्ठित महिला श्रीमती सिरो देवी का शनिवार 6 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे स्व. चन्द्रशेखर सिंह की धर्मपत्नी एवं प्रदीप सिंह की मां थी।

---

कोरबी, डोंगरी और काटापाली में महिला कमांडो टीम का गठन, नशा मुक्ति एवं सायबर जनजागरूकता कार्यक्रम

# महिला कमांडो टीम गांव-गांव में बनेगी जागरूकता की मजबूत कड़ी : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय के साथ उपस्थित महिला कमांडो।

बलौदा क्षेत्र के तीन गांवों में एक साथ महिला कमांडो टीम का गठन किया गया। इस दौरान नशा मुक्ति एवं साइबर जनजागरूकता का विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। महिलाओं को साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड, डिजिटल सुरक्षा, नशे के दुष्परिणाम, घरेलू हिंसा, महिला सुरक्षा कानून एवं बाल संरक्षण संबंधी विषयों पर जागरूक किया गया। साथ ही समाज में जागरूकता अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय की पहल पर थाना बलौदा क्षेत्र के तीन गांवों कोरबी, डोंगरी एवं काटापाली में एक साथ महिला कमांडो टीम का गठन कर नशा मुक्ति एवं साइबर जनजागरूकता का विशेष अभियान शुरू किया गया। ग्राम डोंगरी में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया और सामाजिक जागरूकता की इस नई जिम्मेदारी को स्वीकार किया। कार्यक्रम में जागरूक एवं सक्रिय महिलाओं को महिला कमांडो टीम में शामिल किया गया। पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति महिलाएं हैं। महिला कमांडो टीम गांव-गांव में जागरूकता की मजबूत कड़ी बनेगी और नशे के खिलाफ जनअभियान चलाने के साथ-साथ साइबर अपराधों से बचाव, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में साइबर ठगी और नशे की बढ़ती प्रवृत्ति समाज के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। इन समस्याओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पुलिस और जनता के बीच मजबूत सहभागिता आवश्यक है। महिला कमांडो टीम के सदस्य ग्रामीणों को जागरूक करने, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस तक पहुंचाने तथा महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रति सजग बनाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड, डिजिटल सुरक्षा, नशे के दुष्परिणाम, घरेलू हिंसा, महिला सुरक्षा कानून तथा बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें अपने-अपने गांवों में जागरूकता अभियान चलाने और अन्य महिलाओं को भी इस मुहिम से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। महिला कमांडो टीम नशा मुक्ति अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएंगी। साइबर अपराधों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करेंगी। महिला एवं बाल सुरक्षा संबंधी जानकारी पहुंचाएंगी। घरेलू हिंसा और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जनजागरण अभियान चलाएंगी। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देंगी। इस टीम का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा, महिला एवं बाल संरक्षण तथा सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जनजागरण अभियान में अग्रणी भूमिका देना है। इस अवसर पर थाना बलौदा प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिन्हा, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

---



## संसाधनों की कमी प्रतिभाओं की उड़ान नहीं रोक सकती : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

- **गुरुकुल डिफेन्स एकेडमी पहुंचे विधायक, चयनित अग्निवीरों का किया सम्मान, सुविधाएं बढ़ाने की घोषणा**

विधानसभा क्षेत्र के विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने शनिवार को मधुवा स्थित गुरुकुल डिफेन्स एकेडमी का दौरा कर सशस्त्र बलों की तैयारी कर रहे युवाओं से संवाद किया।

इस दौरान उन्होंने हाल ही में अग्निवीर सहित विभिन्न सशस्त्र बलों में चयनित 24 अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनकी सफलता को पूरे क्षेत्र के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय बताया। विधायक राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि संसाधनों की कमी के कारण क्षेत्र की प्रतिभाओं को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। कठिन परिस्थितियों में भी मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन के बल पर युवा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। गुरुकुल डिफेन्स एकेडमी का अनुशासित प्रशिक्षण और समर्पित प्रयास ही चयनित अभ्यर्थियों की सफलता का आधार है।युवाओं से चर्चा के दौरान विधायक ने उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पूर्व दौरे के दौरान एकेडमी परिसर तक पहुंच मार्ग और पुलिया निर्माण की मांग की गई थी, जिसे पूरा कर दिया गया है। अब विद्यार्थियों की मांग पर एकेडमी में ओपन जिम की स्थापना, खेल सामग्री उपलब्ध कराने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक अध्ययन सामग्री शीघ्र उपलब्ध कराने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में पोंड़ी दलहा सरपंच जितेन्द्र सिंह , शिवपाल सिंह राणा, सुरेश सरुता, जनपद पंचायत सदस्य नीलेश सिंह चंदेल, रामकुमार साहू, गगन गुरुद्वान, राकेश टंडन, बाबा आदिले, सालिक यादव, पप्पू नायक, सुंदर प्रधान, सुरेश साहू, गुरुकुल डिफेन्स एकेडमी के संचालक प्रदीप यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

---

## व्यापारी समिति ने आर्थिक रुप से कमजोर दिव्यांग को डीएड की पढ़ाई के लिए भेजी सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राहौद



राहौद व्यापारी समिति ने आर्थिक रुप से कमजोर दिव्यांग बलराम चंद्र को डीएड की पढ़ाई के लिए 16500 रूपये सहायता राशि भेजी है। दिव्यांग होने के कारण उसे शिक्षा जारी रखने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

व्यापारी सेवा समिति को ग्राम भेंडरी, पोस्ट पिसौद, तहसील मालखरौदा, जिला सक्ती के निवासी आर्थिक रूप से कमजोर एवं दिव्यांग बलराम चंद्र ने उच्च शिक्षा हेतु सहयोग की अपील की थी, जिसे समाजसेवियों एवं दानदाताओं का भरपूर समर्थन प्राप्त हुआ। बलराम चंद्र वर्तमान में नागपुर स्थित ज्ञान ज्योति अंध विद्यालय में डी.एड. फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रहे हैं तथा आर्थिक रूप से कमजोर एवं दिव्यांग होने के कारण उन्हें शिक्षा जारी रखने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। व्यापारी सेवा समिति द्वारा आवेदक की पारिवारिक एवं आर्थिक स्थिति का सत्यापन करने के पश्चात समाज के समक्ष सहयोग की अपील रखी गई और 16500 रूपये दिव्यांग बलराम चंद्र के लिए भेजा गया। समिति की इस पहल को सकारात्मक प्रतिसाद मिला और बिलासपुर, रायपुर, जांजगीर-चांपा, कोरबा, सक्ती सहित विभिन्न क्षेत्रों के समाजसेवियों, व्यापारियों एवं दानदाताओं ने आगे आकर आर्थिक सहयोग प्रदान किया। कई लोगों ने प्रत्यक्ष रूप से तथा अनेक सहयोगकर्ताओं ने ऑनलाइन माध्यम से सहायता राशि भेजकर बलराम चंद्र की शिक्षा में अपना योगदान दिया। समाज के विभिन्न वर्गों से मिले इस सहयोग ने यह सिद्ध कर दिया कि जरूरतमंदों की सहायता के लिए आज भी समाज संवेदनशील एवं जागरूक है। व्यापारी सेवा समिति ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि एक होनहार विद्यार्थी के सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। समिति ने सहयोग करने वाले सभी दानदाताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इसे मानवता, शिक्षा एवं सामाजिक एकता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

---

## राजेश्री महंत के जन्म दिवस पर हुए विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

- **सुबह से शाम तक भेंट मुलाकात करने वालों का लगा रहा तांता**

छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज के जन्म दिवस के अवसर पर श्री दूधाधारी मठ रायपुर में सुबह से शाम तक लोगों का तांता लगा रहा।

राजेश्री महन्त के जन्म दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रातः 7 बजे भगवान श्री बालाजी, संकट मोचन हनुमान जी, राम पंचायतन, श्री स्वामी बलभद्र दास जी महाराज की समाधि स्थल सहित मठ मंदिर के प्रत्येक देवालयों में विशेष पूजा अर्चना की गई, इसमें श्रद्धालु भक्त गण बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।



जन्म दिन के अवसर पर राजेश्री महंत को गुल दस्ता भेंटकर बधाई देते लोग।

**गौशाला में गोवंशियों की सेवा-** इस अवसर पर मठ मंदिर में संचालित गौशाला में भी गौ वंशियों की विशेष पूजा अर्चना की गई, उन्हें फल, मिष्ठान, हरा चारा का भोग अर्पित किया गया। राजेश्री महंत के जन्म दिन के अवसर पर विशेष कर मठपारा रायपुर के मोहल्ले के बच्चे काफी संख्या में सम्मिलित हुए। वे भी अपने-अपने साथियों सहित राजेश्री आकर मिलते रहे। राजेरी ने सभी बच्चों से बड़े प्रेम से मुलाकात किये। बच्चों ने भी मिठाई और भोजन प्रसाद प्राप्त कर जन्मोत्सव में अपनी भूमिका निभाया।

**भोग भंडारा का आयोजन-** राजेश्री महंत के जन्म दिन के उपलक्ष में श्री दूधाधारी मठ में दोपहर को भोग लगने के पश्चात दूर -दूर से आए हुए एवं स्थानीय श्रद्धालु भक्तों को भोजन प्रसाद प्रदान किया गया। इसमें लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

**अनेक सामाजिक संगठनों ने सामूहिक रूप से किया भेंट-मुलाकात-** राजेश्री महन्त महाराज से जन्मदिवस के अवसर पर बधाई एवं शुभकामना प्रदान करने के लिए शिक्षा, साहित्य, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े हुए अनेक समूह के लोगों ने अपने इष्ट मित्रों सहित पहुंचकर बधाई देकर आशीर्वाद प्राप्त करते हुए दिखाई दिए। इसमें विशेष रूप से छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश टी पी शर्मा एवं उनके साथी, वर्ल्ड ब्राह्मण फाउंडेशन के सदस्य, छत्तीसगढ़ दशनाम गोस्वामी समाज के पदाधिकारी गण, महिला मानस मंडली, अनेक शैक्षणिक संस्थाओं के शिक्षक एवं प्राचार्य गण शामिल रहेहै। डिज्नीलैंड मेला आयोजन समिति के द्वारा राजेश्री महन्त महाराज के जन्म दिन पर लोगों के लिए भंडारा का आयोजन किया गया, इसमें लोगों ने बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर भोजन प्रसाद प्राप्त किया। रावण भाटा में भी इसी तरह का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**रायपुर प्रेस क्लब के द्वारा सम्मान-** राजेश्री महन्त महाराज के शुभचिंतक समाज के प्रत्येक वर्ग में विद्यमान है। रायपुर प्रेस क्लब के द्वारा उनका अत्यंत ही आत्मियता पूर्वक स्वागत प्रेस क्लब में भी किया गया। सभी ने मिलकर महाराज जी को बधाई देकर आशीर्वाद प्राप्त की।

---

### जरुरतमंदों के लिए किया रक्तदान



**जांजगीर-चांपा।** जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम खोखरा के युवा सुरेश देवांगन ने रक्तदान के माध्यम से लोगों को मानव सेवा और जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए प्रोत्साहन किया। रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचा सकता है। उनके इस सराहनीय कार्य से क्षेत्र के रक्तदाताओं से भी प्रेरणा मिली है। सभी स्वस्थ नागरिकों से समय-समय पर रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान से अनेक लोगों को जीवन मिल सकता है। इस अवसर पर अखबार वितरक संघ अध्यक्ष बजरंग यादव , सचिव सुरेश देवांगन, कार्यकर्ता आनंद बरेठ, सिद्धार्थ राठौर ,सोमू यादव, पप्पू राठौर एवं सभी लोगों का योगदान रहा।

---

## भागवत कथा श्रवण करने से मनुष्य को मोक्ष की होती है प्राप्ति : पं. तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

- **श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन ब्यास आचार्य ने सुनाई कृष्ण लीला एवं गोवर्धन पूजा की कथा**

नगर के हटरी धर्मशाला में तिवारी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन में ब्यास पीठ से पंडित कृष्णा तिवारी ने भक्तगणों ,श्रीकृष्ण की लीला गोवर्धन पूजा की कथा सुनाई।

पंडित कृष्णा तिवारी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को श्री कृष्ण लीला गोवर्धन पर्वत की महिमा की था सुनाई। पं. तिवारी ने बताया कि भागवत कथा श्रवण करने से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। मनुष्य को अपने जीवन में बार-बार भागवत कथा श्रवण करते रहना चाहिए। उन्होंने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा भगवान की बाल लीला सबसे आनंदित करने वाले प्रसंगों में से एक होता है, जिसमें पूतना वध, माखन चोरी, गोपी-प्रेम, और गोवर्धन पूजा का प्रसंग शामिल है। इन लीलाओं का उद्देश्य प्रेम, भक्ति और धर्म की स्थापना करना अधर्मी कंस ने अपने भांजे कृष्ण को मारने के लिए गोकुल में मायावी राक्षसी पूतना को भेजा था। पूतना स्तन में विष लगाकर वात्सल्य भाव से कृष्ण को दूध पिलाने लगी, लेकिन भगवान ने दूध के साथ-साथ उसके प्राण भी सोख लिया प्रभु ने उसे मोक्षकी प्राप्ति दिलाई। व्यास पीठ से कृष्णा तिवारी ने भगवान श्री कृष्ण की माखन चोरी लीला का बखान किया। पं. तिवारी ने कहा कि किसी का उद्धार करना रहता है तो भगवान अपनी लीला रचते हैं जिस प्रकार खेल खेल में ही कान्हा जी ने कालिया नाग का मर्दनः कर यमुना नदी के जल को जहरीला करने वाले कालिया नाग का मानमर्दन कर भगवान ने उसे क्षमादान दिया और यमुना को विषमुक्त कर मानव जीवन की रक्षा की। भागवत कथा सुनने प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में भक्तगण पहुंच रहे है।



ब्यासपीठ की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

---

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर नगर पंचायत ने अध्ययन भ्रमण का किया आयोजन

## शहर से निकलने वाले सूखे व गीले कचरे निपटान के बारे में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरौद

स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत नगर पंचायत खरोद द्वारा विशेष एक्सपोजर विजिट (अध्ययन भ्रमण) का आयोजन किया गया। इस दौरान कचरा प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने तथा 4-स्ट्रीम कचरा पृथक्करण को वार्ड स्तर पर कड़ाई से लागू करने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत कचरे के स्त्रोत पर पृथक्करण को बढ़ावा देने के लिए जन-जागरूकता लाने हेतु निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को 'लीड फैसिलिटेटर्स' के रूप में नामांकित किया गया है। इसी क्रम में 6 जून को इन सभी लीड फैसिलिटेटर्स के लिए खरोद निकाय के अंतर्गत स्थित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाओं का एक विशेष अध्ययन भ्रमण आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष मुख्य नगरपालिका अधिकारी, पंचायत के पार्षदगण, नगर पंचायत के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं शहर को स्वच्छ बनाने में अग्रिम भूमिका निभाने वाली स्वच्छता दीदियां विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अधिकारियों ने सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों को प्लांट की तकनीकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस विजिट का मुख्य उद्देश्य जनप्रतिनिधियों और टीम को कचरा प्रबंधन की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला और उपलब्ध अधोसंरचना की जमीनी हकीकत और कार्यप्रणाली से रूबरू कराना था। लीड फैसिलिटेटर्स को शहर से निकलने वाले सूखे, गीले और हानिकारक कचरे के प्रसंस्करण और उसके सही निपटान की तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि इस एक्सपोजर विजिट से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद, अब ये 'लीड फैसिलिटेटर्स' स्वच्छता दीदियों और अधिकारियों की टीम के साथ मिलकर 7 जून से 12 जून तक चलने वाले आगामी चरणों में वार्डों के भीतर घर-घर जाकर नागरिकों को जागरूक करेंगे। वे जनता को सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने और कचरे के सही निपटान के लिए प्रेरित करने में मुख्य भूमिका निभाएंगे।



कार्यक्रम में उपस्थित नगर पंचायत के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं स्वच्छता दीदी।

---

### विश्व सायकल दिवस पर आज होगा सायकल रैली का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार विश्व सायकल दिवस के अवसर पर रविवार 7 जून को प्रातः 6.30 बजे से जिले में सायकल रैली का आयोजन किया जाएगा। सायकल रैली हाई स्कूल मैदान जांजगीर से प्रारंभ होकर कचहरी चौक, नेताजी चौक, लिंक रोड एवं बीटीआई (अटल चौक) होते हुए पुनः हाई स्कूल मैदान जांजगीर में समाप्त होगी। डिप्टी कलेक्टर एवं जिला खेल अधिकारी ने बताया कि फिटनेस को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने के उद्देश्य से आयोजित इस सायकल रैली में स्थानीय खिलाड़ियों, नागरिकों, विद्यार्थियों, युवाओं, शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों तथा जनसामान्य से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने कहा है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लैंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123